



# करंट लगने से दिव्यांग किसान की मौत

▸ विद्युत विभाग की लापरवाही से आखिर कब थमेगा मौत का करंट, जिम्मेदार कौन



**मनासा।** ग्राम मोकड़ी खड़ावदा निवासी दिव्यांग किसान घनसिंह राजपूत की खेत में सिंचाई के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। यह हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही से हुई मौत है। हैरानी की बात यह है कि पिछले एक माह में यह दूसरी घटना है, फिर भी विद्युत विभाग की नींद नहीं टूटी। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग की लापरवाही अब जानलेवा बन चुकी है। असुरक्षित तार, जर्जर पोल और बिना अर्थिंग की व्यवस्था खेतों को मौत के जाल में बदल रही है।

घटना के बाद आक्रोशित किसानों व ग्रामीणों ने मुआवजा, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और स्थायी समाधान की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र श्याम सोनी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीष पोरवाल, जनपद सदस्य घीसालाल जाट, रोहित सिंह बन्ना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। मौके पर पहुंचीं एसडीएम किरण अंजना ने उचित मुआवजा एवं कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त किया गया।

### सीधे एवं कड़े सवाल

खेतों में फैली खुली विद्युत लाइनें और करंट किसकी जिम्मेदारी हैं
बार-बार शिकायतों के बावजूद लाइन सुधार क्यों नहीं किया गया
क्या इस मौत के लिए किसी अभियंता या अधिकारी पर एफआईआर होगी
क्या मृतक का परिवार केवल आश्वासन पर ही छोड़ दिया जाएगा
क्या विभाग तीसरी मौत का इंतजार कर रहा है
सवाल जस के तस है कि क्या वाकई में किसी अधिकारी पर कोई कार्रवाई होगी या अन्य मामलों की तरह यह फाईल भी दबा दी जाएगी

## नर्सिंग होम, क्लीनिक, लैब का लाइसेंस नवीनीकरण करवाएं

**नीमच।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नीमच ने बताया, कि म.प्र.उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम 1973 एवं नियम 1997 के अंतर्गत जिले में संचालित समस्त नर्सिंग होम, क्लिनिक, लैब के संचालकों को अपनी संस्थाओं का पंजीयन, लायसेंस कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला नीमच द्वारा प्रदाय किया गया है, जो 31 मार्च 2026 में समाप्त हो रहा है। ऐसे संचालकों को निर्देशित किया गया है, कि वे अपना पंजीयन, लायसेंस 25 जनवरी 2026 तक नियमानुसार दस्तावेज अपलोड कर, आनलाईन आवेदन करें। पंजीयन, लायसेंस नवीनीकरण नहीं करवाने की स्थिति में संबंधित स्वास्थ्य संस्था प्रमुख जवाबदेह होंगे।

# श्री मारू औदिच्य जोधपुरा ब्राह्मण समाज द्वारा कक्ष का लोकार्पण



**नीमच।** श्री मारू औदिच्य जोधपुरा ब्राह्मण समाज, के आर्थिक सहयोग से निर्मित 'श्री जोधपुरा कक्ष' का लोकार्पण कार्यकम रविवार, दिनांक 14: 12.2025 को पंचवटी कॉलोनी स्थित श्री बड़े वाले परशुराम धाम के पावन परिसर पर सर्वब्राम्हण समाज की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि के रूप में श्री सुनीलजी शर्मा (मालवा टुडे) श्री श्यामप्रसादजी शर्मा (अध्यक्ष 'लोकतंत्र सेनानी), श्री गजेन्द्रजी शर्मा (अध्यक्ष गौड़ ब्राह्मण समाज), श्री विनोदजी शर्मा (वकील सा.), श्री दिलीपजी शर्मा (अध्यक्ष सकल ब्राह्मण समाज), श्री अवंतीलालजी शर्मा, श्री भूपेन्द गौड (बाबा) ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में समाज को एक नई दिशा एवं मार्गदर्शन देने की बात कही एवं समाज को एकजुट होकर सभी के लिए सद्भावना रखते हुए समाज को विकसित करने हेतु कार्य करना चाहिये, साथ ही सभी ने अपने उद्बोधन में जोधपुरा समाज के दानदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होनें आर्थिक सहयोग दिया जिसमें इतने सुन्दर कक्ष का निर्माण हुआ। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा श्री सुरेशजी शर्मा, नीमच (महुडिया वाले) श्री दिनेश जी शर्मा, नीमच (सकरानी रैयत) श्री भेरूलालजी शर्मा (स्वक्षश्वक्ष) और श्री परमानन्दजी पारिख का श्रेष्ठ कार्य करने हेतु सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में परशुरामधाम के अध्यक्ष श्री उमेशजी शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में आने वाले साल में किस प्रकार समाज विकास के कार्य किये जायेगें इसकी रूपरेखा प्रस्तुत की साथ ही श्री परशुरामजी के भव्य मंदिर निर्माण हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत की। जोधपुरा समाज के समाजजनों का सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक नजर में

### 17 को पेंशनर्स डे मनाया जाएगा, वरिष्ठ पेंशनरों का होगा सम्मान

**नीमच।** पेंशनरों को उनके अधिकार दिलाने के लिए 17 दिसंबर को 'पेंशनर डे' मनाया जाएगा। पेंशनर संघ अध्यक्ष राधेश्याम पुरोहित ने बताया कि ये कार्यक्रम शिक्षक सहकार भवन में प्रात: 11 बजे से आयोजित होगा। इस दौरान 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ पेंशनरों को सम्मानित करने व संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने पर भी चर्चा की जायेगी। जिसमें जिले से पेंशनर संघ के कई सदस्य शामिल होंगे। बता दें कि भारत में वर्ष 1983 से हर साल 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस के रुप में मनाया जाता है। बताया जाता है कि रक्षा मंत्रालय के तत्कालीन वित्तीय अधिकारी डीएस नाकारा साल 1972 में रिटायर हुए थे और उन्हें दुसरे पेंशनरों की तरह ही अपनी पेंशन प्राप्त करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसलिए उन्होने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। आखिरकार 17 दिसम्बर 1982 के दिन सुप्रीम कोर्ट ने पेंशनरों के पक्ष मे फैसला सुनाया। उस दिन को एतिहासिक और यादगार दिन के रूप में पेशन डे के रूप में तब ही से मनाया जाता रहा है।

### जनपद नीमच की साधारण सभा की बैठक 24 को

**नीमच।** जनपद पंचायत नीमच की साधारण सभा की बैठक 24 दिसम्बर 2025 को दोपहर 12 .30 बजे जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा मदनलाल धनगर की अध्यक्षता में जनपद सभा भवन (बी .आर .सी.) नीमच पर आयोजित की गई है। जनपद सीईओ श्री आरीफ खान ने जनपद के सभी सदस्यों से इस बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया है।

### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 18 दिसम्बर को

**नीमच।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 18 दिसम्बर 2025 को प्रात :11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में प्रस्तावित है। जिला योजना अधिकारी श्री पराग जैन ने सभी जिला अधिकारियों को बैठक में विगत दो वर्षो की उपलब्धियों एवं जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### रातीतलाई में स्वास्थ्य शिविर संपन्न- 32 बच्चों ने स्वास्थ्य लाभ लिया



**नीमच।** नि :शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर सोमवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय राती तलाई में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, चर्म रोग, उदर रोग,विबंध, श्वास,कास, प्रतिशय, रक्त अल्पता, अर्श, गैस, अम्लपित आदि से पीड़ित रोगियों की जांच कर नि :शुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में कुल 32 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि :शुल्क औषधियां वितरित की गई। डॉ .आबिद खान ने रोगियों को तनाव से मुक्ति, गर्भावस्था में आहार, स्वच्छता अभियान, दिनचर्या, पोषण से सम्बन्धित जानकारी दी। शिविर में पंचायत पदाधिकारी, औषधालय स्टाफ, शाला के प्रधान अध्यापक, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका आदि उपस्थित थे।

### जीतो की अनूठी पहल महिलाओं को दिखाई तारापुर की हथकरघा कलां



**नीमच।** जीतो महिला विंग नीमच द्वारा तारापुर, जवाद में एक कलमकारी कार्यशाला और हैंडलूम साड़ी भ्रमण का आयोजन किया। जीतो महिला विंग की रिंकू राठौर ने बताया कि इस अवसर पर कलमकारी साड़ी बनाने की प्रक्रिया को देखा और प्राकृतिक रंगों के बारे में जाना ,कलमकारी साड़ी बनाने में अनार के छिलके, इमली का पाउडर, गुड़, और लोहे की जंग जैसे प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है। जो पर्यावरण के अनुकूल भी होती हैं। उन्होंने यह देखा कि इन साड़ियों को फेब इंडिया जैसी ब्राण्ड को उत्पादन प्रेषित किया है, जो इनकी गुणवत्ता और अनोखेपन को दर्शाता है। इस अवसर पर लगभग 30 सदस्यों ने भाग लिया और सभी ने इस अनुभव का से कपड़ा हस्तकला क्षेत्र की तकनीक काअवलोकन किया।

### सेन समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 28 अप्रैल मंगलवार को भादवामाताजी में

**नीमच।** जिला सेन समाज सगंठन के तत्वावधान में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 28 अप्रैल मंगलवार को भादवामाताजी मै आयोजित किया जाएगा सामुहिक विवाह सम्मेलन को लेकर सेन वाटिका मै एक बैठक आयोजित की गई जिसमें ,प्रत्येक वर पक्ष और वधु पक्ष से 31111 रुपए की सहयोग राशि रखी गई है सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष हेतु भगवती प्रसाद सेन जवासा संरपच प्रतिनिधी को अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही 3 फरवरी 2026 मंगलवार को परिचय सम्मेलन भी सेन वाटिका नीमच आयोजित किया जाएगा विनोद गेहलोद नीमच को परिचय सम्मेलन समिति का अध्यक्ष बनाया गया।





# जल संचय अभियान के अंतर्गत ग्राम बरथून में बोरी बंधान बनाया

**मनासा।** जल संचय अभियान के अंतर्गत ग्राम बरथून में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा सेक्टर क्रमांक 02 में तालाब के छोटे नाले पर बोरी बंधान का कार्य किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्षा जल को रोककर भू-जल स्तर को बढ़ाना एवं जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना रहा।

इस अवसर पर प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए कुल 25 बोरियों का बोरी बंधान किया, जिससे पानी के बहाव को रोककर जल संचय किया जा सके।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता श्री प्रहलाद धनगर, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष/सचिव, नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक श्री रवि मोरी, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के एमएसडब्ल्यू/बीएसडब्ल्यू विद्यार्थी ममता कुंवर, कृष्णा गुर्जर, दुर्गा मारू उपस्थित रहे। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुरेश पाटीदार, श्री कमलेश पाटीदार, सरपंच प्रतिनिधि श्री अंबालाल पाटीदार एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा काष्ट एवं लौह कला कल्याण संगठन का कार्यक्रम



**नीमच।** विश्वकर्मा काष्ट एवं लौह कला कल्याण संगठन का जिला स्तरीय कार्यक्रम नीमच मोडी माता मंदिर में कार्य क्रम सम्पन्न हुआ ,इस कार्य क्रम में , मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष, पवन पाटीदार, राजेश विश्वकर्मा भोपाल, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चंदवासा, संगठन के युवा मंच प्रदेश अध्यक्ष दिलीप शर्मा, महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष रेखा गौतम उपस्थिति रहे हे,ओर अतिथियों के द्वारा समस्त जिला कार्यकारिणी जिला पदाधिकारियों का कार्य पद भार ग्रहण करवाकर , नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने अपने संबोधन में विश्वकर्मा समाज की कला ओर मेहनत की सराहना करते हुए संगठित, रहने ओर समाज के अंतिमव्यक्ति तक मदद का आश्वासन दिया ,ओर श्री विश्वकर्मा काष्ठ एवं लौह कला कल्याण संगठन की ओर से दिलीप शर्मा युवा मंच प्रदेश अध्यक्ष ने पाटीदार जी को हर संभव मदद का युवा एवं समाजजनों के साथ मिलकर संकल्प दिलाया।राजेश विश्वकर्मा भोपाल ने बताया कि समाज को एकत्र कर राजधानी भोपाल में शक्ति प्रदर्शन करने पर जोर दिया , प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा ने परिवार आईडी कार्ड योजना का विमोचन करते हुए ,समाज के सभी परिवार के सदस्यों की जानकारी समाज में बुक डायरी के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा ।दिलीप कुमार शर्मा युवा मंच प्रदेश अध्यक्ष ने ,महिला सशक्तिकरण, नारी शक्ति को एक जुट होकर समाज के कार्यक्रम में परिवार,के अपने बच्चों के साथ समाजिक समारोह में शामिल होने पर जोर दिया जिससे बच्चों को एक दूसरे के विचारों का आदान प्रदान होने से आपसी रिश्तों को समाज में मजबूती होगी।महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष रेखा गोतम ने महिला को जुड़ने के निवेदन किया साथ ही पुष्पा शर्मा ने महिला को संबोधित किया।

# एक दिवसीय सांसद खेल महोत्सव के आयोजन का समापन

▸ विजेता उपविजेता को अतिथियों द्वारा शील्ड और प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित



**सिंगोली। सोमवार को नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों की मैराथन दौड़ के साथ सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन के प्रारंभ मे प्रात: 10 बजे पुलिस थाना परिसर से विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं की पुराना बस स्टैंड स्थित सामुदायिक भवन तक मैराथन दौड़ आयोजित हुई।**

दौड़ समाप्त होने के बाद विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों का खेल महोत्सव प्रारंभ हुआ।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम, अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़, नगर भाजपा अध्यक्ष लोकेश पटवा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि महोत्सव प्रभारी राजकुमार मेहता, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रशांत पालीवाल, राकेश जोशी, ओंकारलाल धाकड़, पार्षद जीवन बलाई द्वारा सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि खेल से हमारे भीतर अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती हैं। महोत्सव प्रभारी एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार मेहता ने कहा कि खेल हमें जीवन को सही तरीके से जीने में मदद करते हैं यह हमें फिट और सक्रिय भी रखते हैं खेल अनुशासन आत्म सम्मान आत्मविश्वास और टीमवर्क को बढ़ावा देता है परिषद उपाध्यक्ष और अतिथि मोतीलाल धाकड़ ने कहा कि खेल हमारे शरीर को फिट और सक्रिय रखकर हमें स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने में मदद करते हैं जब हम खेल खेलते हैं तो हम अपने लक्ष्यो को प्राप्त करने के लिए एक टीम के रूप में मिलकर काम करना सीखते हैं। सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, खो - खो, सितोलिया, रस्साकस्सी, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सिंगोली सहित क्षेत्र के सैकड़ों खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

इस दौरान सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य श्रीमती किरण जैन, कन्या उमावि सिंगोली प्राचार्य राजेंद्र जोशी, वरिष्ठ अध्यापक कुंज बिहारी कारपेंटर सहित शासकीय अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



# स्कूलों के बच्चों व शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**मनासा।** विश्व शौचालय दिवस (19 नवंबर 2025) के अवसर पर रामतलाई स्थित दीवार पर बनाई गई सुंदर, प्रेरणादायी एवं स्वच्छता संदेश देने वाली पेंटिंग के लिए सहयोगी विद्यालयों का सम्मान समारोह आज 15 नवंबर 2025 को नगर परिषद सभागृह में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल एवं कार्मल कॉन्वेंट स्कूल मनासा के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई उत्कृष्ट पेंटिंग की सराहना करते हुए दोनों विद्यालयों के बच्चों एवं शिक्षिकाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल की प्राचार्या दीपा पहेलाजानी, सहायक शिक्षिका दीपिका बैरागी एवं रक्षा जैन, वहीं कार्मल कॉन्वेंट स्कूल की शिक्षिका गीतांजलि जैन उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर श्री अजय तिवारी ने कहा कि 'अब प्रतिभा का हमेशा सम्मान किया जाएगा। बच्चों की मेहनत और रचनात्मकता ने दिल को अत्यधिक प्रसन्नता दी है। प्रोफेशनल कलाकार भी शायद इतनी अद्भुत पेंटिंग नहीं बना पाते, जैसी इन दोनों स्कूलों के विद्यार्थियों ने बनाई है।'

**एक नजर** ▸ मालवा-मेवाड की संगमस्थली नीमच में पहली बार हुई भगवान श्री चित्रगुप्तजी की दिव्य कथा

# सैंकड़ों समाजजनों ने कथा के माध्यम से जाने भगवान चित्रगुप्तजी से जुड़े पौराणिक रहस्य



**नीमच।** मालवा-मेवाड की संगमस्थली नीमच में पहली बार भगवान चित्रगुप्तजी की संगीतमयी एकदिवसीय दिव्य कथा का आयोजन भगवान चित्रगुप्त के वंशज कायस्थ समाज, मालवा-मेवाड के समस्त चित्रांश बंधुओं एवं चित्रांश संयोजक मण्डल द्वारा किया गया। श्री श्री 1008 जगद्गुरू श्रीचित्रगुप्ताचार्य डॉ.स्वामी सच्चिदानंदजी महाराज (वृन्दावन धाम) के श्रीमुख से लायन डेन नीमच पर दोप. 2 बजे से सायं 4.30 बजे तक कथा प्रवाहित हुई।

इससे पूर्व रविवार सुबह नगर के प्रमुख मार्गो से बैण्डबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें कायस्थ विभूतियों के पोस्टर बैनर द्वारा सजाई गई गाडियां, वृन्दावन धाम से पधारे श्री श्री 1008 जगद्गुरू श्रीचित्रगुप्ताचार्य डॉ.स्वामी सच्चिदानंदजी महाराज, सुरेशानंदजी महाराज, मंत्रलेखन के प्रणेता किरणकुमारजी खरे दमोह सहित मालवा मेवाड के सैंकडों समाजजन उपस्थित थे।

शोभायात्रा के मार्ग में गायत्री परिवार, ऋषभ अशोक समाज, स्वच्छता विकास अभियान, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपडा, अभिभाषक संघ, विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित कायस्थ संयोजक मण्डल कथा सेवक, कायस्थ समाज मंदसौर, रतलाम, जावरा, चित्तौड, उज्जैन, इन्दौर, शाजापुर एवं नीमच के संगठनों द्वारा जगह जगह पुष्पवर्षा की गई।

शोभायात्रा एवं कथा स्थल पर विशेष आकर्षण का केन्द्र भगवान श्रीचित्रगुप्तजी के साथ उनके बारह पुत्रों - श्रीवास्तव, गौड, सूर्यध्वज, वाल्मिकी, अष्ठाना, माथुर, भटनागर, सक्सेना, अम्बष्ठ, निगम, कर्ण, कुलश्रेष्ठ की दिव्य झांकी रही, जिसे सभी ने निहारा एवं काफी पसंद किया। यह दिव्य झांकी दीपकराय गौड द्वारा निर्मित की गई थी।

शोभायात्रा में आध्यात्मिक गुरू महर्षि महेश योगी, महर्षि अरविन्द घोष, रामचन्द्र हाटपुलनेस के संस्थापक, हरे रामा हरे कृष्णा के गुरू, स्वामी विवेकानंद, स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले सुभाशचन्द्र बोस, डॉ.राजेन्द्र प्रसाद, लालबहादुर शास्त्री, जयप्रकाश नारायण, मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, हरिवंशराय बच्चन, महानायक अमिताभ बच्चन, शत्रुघ्न सिन्हा, सोनू निगम, किशोर कुमार, मन्ना डे, अशोक कुमार इन सभी कायस्थ महापुरूशों के पोस्टर बैनर लगाए गए थे। नीमच में आयोजित इस एकदिवसीय कार्यक्रम से पूरे भारतवर्ष में और मंत्रलेखन के माध्यम से पूरी दुनिया में इसका प्रभावी एवं सकारात्मक संदेश गया है। कथा का प्रारंभ भगवान चित्रगुप्तजी की आराधना, पूजन के साथ किया गया। व्यासपीठ पर विराजे स्वामी सच्चिदानंदजी एवं सुरेशानंदजी व किरणकुमारजी खरे का संयोजक मण्डल सदस्य इंजी.बाबूलाल गौड, मंत्रलेखन के राष्ट्रीय संयोजक नरेन्द्रकुमार श्रीवास्तव, दीपक गौड, अमित सक्सेना, आतिश गौड, प्रत्युश गौड, अजय श्रीवास्तव, कपिल श्रीवास्तव, श्रीमती उर्मिला गौड, कृष्णा निगम और मंदसौर से पधारे विक्रम भटनागर, चन्द्रशेखर निगम, बोरदिया कलां से यशवंत गौड, प्रकाश गौड, अरूणकुमार श्रीवास्तव, सौरभ भटनागर, नीमच के एड.मुकेश भटनागर, अजय भटनागर, अमित जगधारी, राजेश जौहरी, अशोक सक्सेना, सत्येन्द्र सक्सेना, रतलाम से पधारे नीरज सक्सेना, इन्दौर से पधारे चन्द्रमोहन श्रीवास्तव, डॉ.कल्पना सक्सेना, उज्जैन से डॉ.सुनीता श्रीवास्तव, कायस्थ समाज नीमच, मंदसौर, रतलाम, चित्तौडगढ एवं अनेकों समाजजनों द्वारा स्वागत किया गया।